समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 11 September 2026

# नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026: 10–18 जनवरी तक भारत मंडपम मे

Publisher

Published on 09 Jan 2026




किताबों के प्रेमियों के लिए एक बड़ा साहित्यिक उत्सव **विश्व पुस्तक मेला (New Delhi World Book Fair) 2026** आगामी **10 जनवरी से 18 जनवरी 2026** तक नई दिल्ली के **भारत मंडपम, प्रगति मैदान** में आयोजित किया जा रहा है। इस 9-दिवसीय मेले का आयोजन **राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT) भारत** और **इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (ITPO)** के संयुक्त तत्वावधान में किया जाता है।

### इस बार प्रवेश पूरी तरह फ्री

इस वर्ष पहली बार मेले में **सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश नि :शुल्क** रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग किताबों और साहित्य की दुनिया का अनुभव ले सकें। मेले में आम जनता, विद्यार्थी, लेखक और प्रकाशन जगत से जुड़े लोग मुफ्त में भाग ले सकेंगे।

### तारीखे, संमय और आयोजन स्थल

• **मेला कब है ?** — 10 से 18 जनवरी 2026
• **समय :** प्रतिदिन **सुबह 11:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक**
• **स्थल :** भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली
• **प्रवेश शुल्क :** नि:शुल्क
मेला हर उम्र के पाठकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है।

### 53वां विश्व पुस्तक मेला, थीम और आकर्षण

इस वर्ष का मेले “**Indian Military History: Valour and Wisdom @75**” थीम के साथ भारतीय सशस्त्र सेना के साहस, बलिदान और राष्ट्र-निर्माण में योगदान को सम्मानित करता है। मेले में **1,000 से अधिक प्रकाशक** दुनिया के 35 से

अधिक देशों से भाग ले रहे हैं और **3,000 से भी अधिक स्टॉल** लगाए गए हैं जहाँ विभिन्न भाषाओं की किताबें, अनूठी प्रकाशन सामग्री और साहित्यिक चर्चाएँ होंगी।

### विशेष कार्यक्रम और हस्तियां

मेलें के दौरान **600 से अधिक सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम**, **1,000 से अधिक वक्ताओं के सत्र**, लेखकों से मुलाक़ात, कार्यशालाएँ, कवि-सम्मेलन, बच्चों के लिए पठन-कार्यक्रम और पुस्तक-भोजन जैसे आकर्षक आयोजन होंगे। इस वर्ष आप यहाँ मशहूर लेखकों, साहित्यकारों और सिने-सेलेब्स से मिलने का भी अवसर पा सकते हैं।

### विश्व स्तर की भागीदारी

मेलें में **30 से अधिक देशों** के प्रतिभागी शामिल होंगे। कई अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक, लेखक, अनुवादक और सांस्कृतिक संस्थान मेलें को साहित्य के वैश्विक मंच के रूप में सम्मान देते हैं। मुख्य देशों में स्पेन फोकस कंट्री के रूप में और कतर अतिथि देश के रूप में भाग ले रहा है। **विश्व पुस्तक मेला 2026** किताबों के शौकीनों के लिए एक शानदार अवसर और ज्ञान-समृद्ध अनुभव प्रदान करेगा। यदि आप पढ़ने के शौक़ीन हैं या साहित्यिक दुनिया से जुड़ना चाहते हैं, तो यह मेला आपके लिए एक **महाकुंभ से कम नहीं** होगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.